सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 150 | जौनपुर, शनिवार, 18 जनवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## पीएम मोदी करेंगे भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन



नई दिल्ली, (एजेंसी)। देश के सबसे बड़े मोबिलिटी एक्सपो श्भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025श का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में करेंगे। यह एक्सपो 17 से 22 जनवरी तक तीन अलग–अलग स्थानों दिल्ली में भारत मंडपम और यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नौ से अधिक शो, 20 से अधिक सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा एक्सपो में मोबिलिटी सेक्टर में नीतियों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए स्टेट सेशन भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे उद्योग और राज्यों के भी सहयोग को बढ़ाया जा सके। इस वर्ष आयोजन में वैश्विक महत्व पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिसमें दुनिया भर से प्रदर्शक और आगंतुक भाग लेंगे। यह एक्सपो इंडस्ट्री के नेतृत्व वाला और सरकार समर्थित इनिशिएटिव है, जिसका समन्वय भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) द्वारा विभिन्न उद्योग निकायों एवं साझेदार संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की थोक बिक्री 2024 में सालाना आधार पर 11.6 प्रतिशत बढ़कर 2.5 करोड़ यूनिट्स रही है। इन आंकड़ों के साथ भारत पिछले साल दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार मार्केट था। 2024 में दोपहिया वाहन सेगमेंट ने ग्रोथ को लीड किया है। 2023 के मुकाबले पिछले साल दोपहिया वाहन सेगमेंट में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

## दिल्ली में फिर बनेगी केजरीवाल की सरकार : गोपाल राय

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली की बाबरपुर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी गोपाल राय ने गुरुवार को दावा किया है कि राष्ट्रीय राजधानी में एक बार फिर ष्अरविंद केजरीवाल कीष सरकार बनेगी। गोपाल राय ने नामांकन के बाद कहा, ष्मैं बाबरपुर विधानसभा के लोगों का बहुत–बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं। इस क्षेत्र के लोगों ने मुझे दो बार सेवा करने का मौका दिया है। आज मैंने नामांकन किया है। मुझे भरोसा है कि जिस तरह से विकास के कार्य तेजी से हुए हैं, बाबरपुर की जनता अपना प्यार और सहयोग बनाकर रखेगी। कालकाजी से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी द्वारा आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी पर दिए बयान पर उन्होंने कहा कि यह साफ दिख रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के पास न तो नेतृत्व है, न कोई नीति। भाजपा के नेता सोचते हैं कि वे गाली–गलौच करके चुनाव जीतेंगे तो जनता इसका फैसला करेगी। भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने आप प्रत्याशी आतिशी की तुलना ष्जंगल की हिरणीष से की है। भाजपा प्रत्याशी का दावा है कि आतिशी ने विधानसभा में वर्षों तक कोई काम नहीं किया, अब चुनाव आने पर वह विधानसभा में घूम रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब रमेश बिधूड़ी अपने बयान से विवादों में घिरे हैं। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को लेकर विवादित बयान दिया था। उनके इस बयान के बाद विपक्ष ने उन्हें आड़े हाथ लिया। खुद भाजपा के नेताओं ने भी उनके बयान से किनारा कर लिया था। मामला तूल पकड़ने लगा तो भाजपा प्रत्याशी ने माफी भी मांगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव परिणाम 8 फरवरी को घोषित किया जाएगा। पिछले विधानसभा चुनाव में साल 2020 में आप 62 सीट जीतकर प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई थी।



### संक्षिप्त समाचार

### भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का प्रमुख स्तंभ है सिंगापुर : राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिंगापुर भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का एक प्रमुख स्तंभ है और बढ़ती द्विपक्षीय साझेदारी से दोनों देशों के लोगों को काफी लाभ होगा। राष्ट्रपति भवन में



सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत–सिंगापुर सहयोग ने हाल के वर्षों में और गति पकड़ी है। उन्होंने षणमुगरत्नम के सम्मान में एक भोज का आयोजन भी किया। मुर्मू ने कहा कि सिंगापुर भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद–प्रशांत के हमारे दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, लोकतांत्रिक मूल्यों में हमारा साझा विश्वास भी हमें एक–दूसरे से जोड़ता है।

### पूर्वोत्तर में सबसे अधिक एमएसएमई इकाइयां मणिपुर में : मुख्यमंत्री बीरेन सिंह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में मणिपुर में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) के व्यवसाय पंजीकरण की संख्या सबसे अधिक है। सिंह ने कहा कि एमएसएमई मंत्रालय की 2018–19 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार राज्य ने 2015 और 2019 के बीच 12,438 एमएसएमई व्यवसाय पंजीकृत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर क्षेत्र 'नए भारत का विकास इंजन' बनने के लिए तैयार है। मणिपुर के लोगों के अत्यधिक उद्यमशील होने की बात पर जोर देते हुए सिंह ने कहा, '' केवल इस राज्य में 2015 और 2019 के बीच 12,438 एमएसएमई व्यवसाय हैं, जो पूर्वोत्तर में सबसे अधिक है। इनमें से 50 प्रतिशत व्यवसाय महिलाओं के स्वामित्व में हैं।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनसंख्या में मणिपुर की हिस्सेदारी 0.2 प्रतिशत है, जबकि एमएसएमई कारोबार में राज्य की हिस्सेदारी 0.3 प्रतिशत है।

### मकान निर्माण मामले में सबूत पेश करने के लिए सांसद बर्क को मिली

नई दिल्ली, (एजेंसी)। संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जिया–उर–रहमान बर्क को कथित रूप से नगर पालिका से नक्शा मंजूर कराये बगैर एक घर का निर्माण कराने के मामले में सबूत पेश करने के लिए बृहस्पतिवार को 23 जनवरी तक का समय दिया गया। इस मामले में सांसद को नोटिस जारी करने वाली उप जिलाधिकारी (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि 16 जनवरी तक की मोहलत दी गयी थी, हालांकि, सांसद के वकील ने बृहस्पतिवार को एक आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें कानूनी प्रतिनिधित्व में बदलाव के बारे में उप जिलाधिकारी न्यायालय को सूचित किया गया ।

## सैफ अली खान पर हमला गंभीर घटना-फडणवीस

मुबई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर में एक घुसपैठिए द्वारा किया गया हमला एक गंभीर घटना है, लेकिन इसके कारण मुंबई को असुरक्षित कहना गलत होगा। फडणवीस के पास गृह विभाग का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि देश की वित्तीय राजधानी को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार कदम उठाएगी। सैफ अली खान पर बीती रात मुंबई के बांद्रा इलाके में 12वीं मंजिल स्थित उनके फ्लैट में एक घुसपैठिए ने चाकू से हमला किया जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। चिकित्सकों के अनुसार, अभिनेता की पीठ में फंसा चाकू निकालने के लिए सर्जरी की गई और अब वह खतरे से बाहर हैं। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, ''मुझे लगता है कि मुंबई देश के बड़े शहरों में सबसे सुरक्षित है। यह सच है कि कभी–कभी कुछ घटनाएं होती हैं, और उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। लेकिन यह कहना सही नहीं है कि ऐसी घटनाओं के कारण मुंबई असुरक्षित है।'' उन्होंने कहा, ''ऐसी टिप्पणियों से मुंबई की छवि खराब होती है। लेकिन, शहर को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार निश्चित रूप से प्रयास करेगी।'



## 14 दिनों बाद प्रशांत किशोर ने तोड़ा अनशन, गंगा में लगाई डुबकी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने 14 दिन बाद गुरुवार को अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी। किशोर पिछले महीने आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में 2 जनवरी से श्आमरण अनशनश पर थे। किशोर अपने श्सत्याग्रहश आंदोलन के अगले चरण की भी शुरुआत करेंगे। अपना उपवास तोड़ने से पहले, किशोर ने पटना में गंगा पथ के पास पवित्र नदी गंगा में प्रतीकात्मक डुबकी लगाई, जो उनके विरोध में एक महत्वपूर्ण क्षण था। किशोर ने कहा कि ये कोई रैली या विरोध प्रदर्शन नहीं है। पिछले 14 दिनों से जन सुराज परिवार की ओर से मैंने प्रयास किया है कि छात्रों को न्याय मिले। यह लड़ाई प्रशांत किशोर ने शुरू नहीं कीय इस संघर्ष की शुरुआत बिहार के उन छात्रों ने की थी जिनका मानना ध्है कि बीपीएससी परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई थीं। किशोर ने कहा कि वह बिहार सत्याग्रह आश्रम नाम से एक नया मंच स्थापित करके सत्याग्रह शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, यह स्थान सभी उत्पीड़ित लोगों के लिए एक आवाज के रूप में काम करेगा, जो सिस्टम द्वारा अन्याय सहने वालों को बिना किसी डर के आने और बोलने के लिए एक जगह प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आश्रम में सभी गतिविधियां आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं और अनुमतियों का पालन करेंगी। किशोर ने आश्रम में अगले आठ हफ्तों में एक लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना भी साझा की। इसका उद्देश्य उन्हें समाज को जाति और धार्मिक विभाजनों से परे जाकर अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि पहल के प्रति प्रशासन की प्रतिक्रिया के बारे में किसी भी चिंता को कम करने के लिए कोई रैलियां या विरोध प्रदर्शन नहीं होंगे। इससे पहले, किशोर ने दावा किया था कि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बीपीएससी परीक्षा विवाद का समाधान खोजने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा जारी करेगी संकल्प पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा आज संकल्प पत्र जारी करेगी। दोपहर 2 बजे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा संकल्प पत्र जारी करेंगे। माना जा रहा है कि बीजेपी इस संकल्प पत्र में कई मुफ्त योजनाओं का ऐलान भी कर सकती है। बीजेपी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र तैयार करने में जनता की सक्रिय भागीदारी को अहमियत दी है और इसके लिए एक व्यापक अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगे गए थे, और करीब 1,04,322 लोगों ने अपनी राय दी। बीजेपी ने सुझाव प्राप्त करने के लिए एक वीडियो वैन अभियान भी चलाया, जिससे करीब 60,754 सुझाव मिले। इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से भी पार्टी ने 40,000 से अधिक सुझाव प्राप्त किए। महिला सशक्तिकरण भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में एक अहम मुद्दा बन सकता है। ऐसे में महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं का ऐलान भाजपा की तरफ से किया जा सकता है। बीजेपी यदि महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा जैसी योजना लाने का ऐलान करती है, तो यह दिल्ली की महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा शुरू की थी, जो एक लोकप्रिय योजना बन गई। भाजपा अपने संकल्प पत्र में गरीब परिवार में जन्मी बेटी के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के खर्च से खाता खोलने और 21 साल की होने पर 2 लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा कर सकती है।

## हरियाणा की तीर्थ दर्शन योजना के तहत महाकुंभ भी जाएंगे असहाय



चंडीगढ़, (एजेंसी)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को प्रशासनिक सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कई अहम घोषणाएं की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। मुख्यमंत्री ने श्तीर्थ दर्शन योजनाश के लाभार्थियों के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब इस योजना के तहत लाभार्थियों को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ स्नान के लिए ले जाएगी। यह योजना उन वृद्ध और असहाय नागरिकों के लिए है, जो धार्मिक यात्रा पर जाने की स्थिति में नहीं होते। राज्य सरकार उनकी इस यात्रा का पूरा खर्च उठाएगी। सीएम सैनी ने स्वच्छता अभियान के तहत भी एक अहम निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने–अपने कार्यालयों में सफाई का ध्यान रखें और इसके लिए नियमित औचक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम सैनी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सरकार ने जो भी घोषणाएं की हैं, उन पर तेजी से काम किया जाएगा और प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस बैठक में प्रशासनिक सचिवों ने मुख्यमंत्री को सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। सीएम ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे योजनाओं को तेजी से लागू करें। मुख्यमंत्री सैनी ने सरकारी कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करने का निर्देश भी दिया। सैनी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में यह चार्टर लागू किया जाना चाहिए, ताकि जनता को उनके अधिकार और सेवाओं का सही तरीके से लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि समयबद्ध तरीके से सभी पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए और इसके लिए किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सीएम सैनी अपने सहयोगियों के साथ 7 फरवरी को महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज जाएंगे।

## कांग्रेस का प्रोपेगेंडा था हिंडनबर्ग : किरोड़ी लाल मीणा

जयपुर, (एजेंसी)। हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नाथन एंडरसन ने अपनी फर्म बंद करने का ऐलान कर दिया है। हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने पर राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है क्योंकि हिंडनबर्ग के बंद होने से देश विरोधी लोगों का अभियान समाप्त होगा। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा, ष्बहुत अच्छा है कि ऐसे लोग जो देश विरोधी बातें करते हैं, ...देश को कमजोर करना चाहते हैं, उसके (हिंडनबर्ग रिसर्च के) बंद होने से इस तरह के अभियान समाप्त हो पाएंगे। उन्होंने कहा, ष्यह कांग्रेस का एक प्रोपेगेंडा था, जिसकी वजह से देश और उद्योगपतियों को बदनाम किया जाता था। कांग्रेस ने हिंडनबर्ग के माध्यम से हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए देशभर में शोर मचाया। पीएम मोदी देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं। हिंडनबर्ग का यही उद्देश्य था कि इस अभियान को कैसे रोका जाए। अच्छी बात है कि हिंडनबर्ग बंद हो गया है। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा, ष्ऐसा लगता है कि भाजपा दिल्ली में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को लूटा गया और मेरा मानना है कि आम आदमी पार्टी का पर्दाफाश हो गया है। आप खुद देख सकते हैं कि भाजपा के अलावा कांग्रेस भी आप को एक्सपोज करने में लगी हुई है। शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग अपनी रिपोर्ट्स में कंपनियों पर धोखाधड़ी या अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाती थी। अब तक इस फर्म ने कई बड़े कॉरपोरेट्स को निशाना बनाया है।



## राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुंभ मेले में राज्य के निवासियों को मुफ्त आवास

राजस्थान, (एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि महाकुंभ मेले में राजस्थान से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज में राजस्थान मंडप तैयार किया जाए। इस राजस्थान मंडप में निःशुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, ष्मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का विशेष महत्व है। कुंभ को सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला कहा गया है। 12 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा महाकुंभ मेला प्रयागराज में 26 फरवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, ''मोनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के शाही स्नान सहित इस मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के पुण्य का लाभ मिल सके, इसके लिए राज्य सरकार के स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इन व्यवस्थाओं का लाभ उठाएं और महाकुंभ के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान, दर्शन और पूजा–अर्चना कर दिव्य अनुभव का आनंद लें।'' विज्ञप्ति के अनुसार, श्रद्धालुओं के लिए 49 टेंटों में डबल बेड अटैच्ड लेटस तथा राजस्थान मंडप में 30 बेड की डोरमेट्री में निशुल्क आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की सहायता के लिए हेल्पडेस्क, कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, साथ ही श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था भी की गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ष्महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के नागरिक राजस्थान मंडप, प्लॉट नंबर 97, सेक्टर 7, कैलाशपुरी मार्ग, प्रयागराज में इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## रणदीप सुरजेवाला ने बताया जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली का उद्देश्य, भाजपा पर साधा निशाना

बेलगावी, (एजेंसी)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को कर्नाटक में बेलगावी के सांबरा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत की और बताया कि कांग्रेस 21 जनवरी से जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली



का आयोजन करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने बताया कि बेलगाम (बेलगावी) की ऐतिहासिक भूमि और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जुड़ाव आज से नहीं दशकों से बना है। उन्होंने बताया कि एक बार फिर 21 जनवरी को श्जय बापू, जय भीम, जय संविधानश रैली का आयोजन बेलगाम के अंदर होगा। इस रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और पूरे देश का कांग्रेस नेतृत्व एक बार फिर इसमें हिस्सेदारी करेगा। उन्होंने बताया कि इस रैला का आयोजन इसलिए किया जा रहा है क्योंकि जिस प्रकार से 17 दिसंबर, 2024 को संसद के पटल पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने न केवल बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया, बल्कि उनके विचारों को मानने वाले हर व्यक्ति का मजाक उड़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार–बार संविधान पर और संविधान के समस्त अधिकारों पर हमला बोल रही है। देश में गरीब और अमीर की खाई अब ना पाटने वाली वन गई है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा आए दिन संवैधानिक अधिकारों को बुलडोजर के नीचे कुचल रही है। इसीलिए श्जय बापू, जय भीम, जय संविधानश रैली 21 जनवरी को बेलगाम में होगी। फिर 27 जनवरी को बाबासाहेब अंबेडकर के जन्म स्थान मऊ (मध्य प्रदेश) में होगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक तरफ ये बाबा साहेब का अपमान करते हैं, दूसरी तरफ दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के अधिकारों को छीनते हैं। इसलिए आज पूरे देश में महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों पर चलते हुए एक नई क्रांति का सूत्रपात करने की जरूरत है। इसलिए एक बार फिर जो आवाज बेलगाम से उठेगी, वह देश की राजनीति को एक नई दशा और दिशा देगी।

## राहुल गांधी ने एम्स के बाहर मरीजों के प्रति असंवेदनशीलता के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के आसपास सड़कों, फुटपाथों और सबवे पर डेरा डाले कई मरीजों और उनके परिवारों से मुलाकात की और केंद्र तथा दिल्ली सरकार पर उनके प्रति असंवेदनशीलता दिखाने का आरोप लगाया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने उनकी समस्याओं और शिकायतों के बारे में जानकारी ली। गांधी ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, "बीमारी का बोझ, ठिठुराने वाली सर्दी और सरकारी असंवेदनशीलता। आज मैं एम्स के बाहर मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो दूर–दराज से इलाज की आस में आए हैं।" गांधी ने कहा, "इलाज की राह में वे सड़कों, फुटपाथों और सबवे पर सोने को मजबूर हैं–ठंडी जमीन, भूख, और असुविधाओं के बीच भी बस उम्मीद की एक लौ जलाए बैठे हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं।



# संपादकीय

## गगनभेदी कामयाबी

नये साल की शुरुआत के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान–4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान–4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी–60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे। निश्चित रूप से यह प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, बिना गुरुत्वाकर्षण के बीच तेज गति से घूम रहे उपग्रहों को आपस में जोड़ना बेहद कठिन कार्य होता है। लेकिन भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की मेधा से यह संभव हुआ है। बहरहाल, इस मिशन की सफलता ने आने वाले समय में गगनयान मिशन, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने व भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष यात्री भेजने के अभियान की सफलता की राह सुगम कर दी है। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के बाद वहां आने–जाने के लिये भी डॉकिंग तकनीक उपयोगी साबित होगी। वहीं दूसरी ओर सैटेलाइट सर्विसिंग, इंटरप्लेनेटरी मिशन और इंसान को चंद्रमा पर भेजने के लिये भी यह तकनीक जरूरी थी। निस्संदेह, यह अभियान खासा चुनौतीपूर्ण था। गुरुवार को मिली सफलता से पहले सात और नौ जनवरी को तकनीकी कारणों से इस मिशन को टाला गया था। फिर बारह जनवरी को इसरों ने एक परीक्षण किया था, जिसमें दोनों उपग्रहों को तीन मीटर तक की दूरी तक लाया गया था। इसके बाद आगे के प्रयोगों के लिये सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय वैज्ञानिकों ने खुद का डॉकिंग मैकेनिज्म विकसित किया। इस बेहद जटिल व संवेदनशील तकनीक को अब तक कामयाब हुए देशों ने भारत को नहीं दिया था। इसीलिए इसरो ने इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नाम देकर पेटेंट भी करा लिया है। निश्चय ही यह भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धि का गौरवशाली क्षण बना है। यह हमारी अंतरिक्ष में एक लंबी छलांग भी है। वाकई इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। जो आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अतंरिक्ष मिशनों की राह सुगम बनाएगा। निश्चित रूप से अब आने वाले सामरिक व रणनीतिक लक्ष्यों के लिये अंतरिक्ष में कामयाबी निर्णायक साबित हो सकती है। भारतीय वैज्ञानिकों की यह कामयाबी नई उम्मीद जगाती है। अंतरिक्ष में दबदबा बनाने के लिये अमेरिका व चीन में कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी है। दोनों चंद्रमा पर अपना वर्चस्व बनाने की होड़ कर रहे हैं। पिछले दिनों चीन ने आरोप लगाया था कि अमेरिका के अंतरिक्ष बल द्वारा जापान में एक इकाई तैनात करने से वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को खतरा पैदा हो गया है। हालांकि खुद बीजिंग भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य क्षमताओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। यह भारत के लिये भी चिंता की स्थिति है। ऐसे में भारत को अपने अत्याधुनिक अंतरिक्ष कार्यक्रम को गति देने में कोई ढील नहीं देनी चाहिए।

# राष्ट्रपति की गिरफ्तारी से गहराता कोरियाई संकट

पुष्परंजन

राष्ट्रपति यून सुक येओल, हिरासत में लिए जाने वाले पहले कोरियाई नेता बन गए हैं। इस समय वो निलंबित हैं, और पुलिस हिरासत में हैं। गुरुवार को भी उनसे पूछताछ हुई। राष्ट्रपति यून सुक येओल का कसूर यह है कि उन्होंने दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ घोषित कर दिया था। उसके 43 दिन बाद, बुधवार को जांचकर्ताओं ने उन्हें पूछताछ के लिए हन्नाम–डोंग स्थित उनके आधिकारिक आवास से हिरासत में ले लिया था। यून को ग्योंगगी प्रांत के उइवांग स्थित सियोल हिरासत केंद्र ले जाया गया। इस कांड से सड़क पर संग्राम जैसी स्थिति है। यून सुक येओल के एक समर्थक ने अपने शरीर में आग लगा ली। इस बार, जांचकर्ता गिरफ्तारी आदेश को लागू करने में मदद करने के लिए अतिरिक्त अधिकारियों को साथ लाए थे। डर इसका था कि सुरक्षा में लगे कर्मी, जांच अधिकारियों की टीम के आगे बंदूक न तान दें। हिरासत वारंट को निष्पादित करने का एक सकारात्मक पहलू यह था, कि पुलिस, उच्च–रैंकिंग अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) और राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा (पीएसएस) के बीच कोई खूनी टकराव नहीं हुआ। राष्ट्रपति के समर्थकों और विरोधियों द्वारा अपनी स्थिति संभालने के बाद सुबह–सुबह लगभग 1,000 जांचकर्ता एकत्र हुए। हालांकि, राष्ट्रपति निवास में प्रवेश अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। पहले जो प्रयास किये गए थे, उसके विपरीत, लगभग 500 पीएसएस अधिकारियों ने गिरफ्तारी का विरोध नहीं किया। राष्ट्रपति निवास छोड़ने से पहले, यून ने कहा, 'देश में कानून पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मैं खूनी झड़पों को रोकने के लिए सीआईओ के पास जा रहा हूं।' लेकिन, राष्ट्रपति यून सुक येओल ने गुरुवार को भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) के सवालों का जवाब देने से इंकार कर दिया। सवाल घूम–फिर कर, वही थे कि उन्होंने मार्शल लॉ की घोषणा कैसे की। यून को ग्वाचियोन, ग्योंगगी प्रांत मुख्यालय में लाए जाने से पहले, सीआईओ ने 200 पन्नों के आरोप पत्र तैयार किये थे। उन पर दो मुख्य आपराधिक आरोप हैं– पहला सत्ता का दुरुपयोग, और दूसरा अराजकता जैसी स्थिति, जो मार्शल लॉ डिक्री को लागू करने से उत्पन्न हुई है। यून पर यह भी आरोप है, कि उन्होंने संसद में तैनात मार्शल को उपस्थित सभासदों को हटाने के लिए कहा था, ताकि वे डिक्री को निरस्त करने के लिए मतदान न कर सकें। राष्ट्रपति यून सुक येओल के वकीलों ने कहा कि वह एजेंसी द्वारा की जा रही किसी भी जांच में सहयोग नहीं करेंगे, क्योंकि उनका मानना है कि एजेंसी के पास ऐसी जांच करने का कानूनी अधिकार नहीं है। राष्ट्रपति की बचाव टीम के एक सदस्य सेक डोंग–ह्यून के अनुसार, 'पिछले दिन सीआईओ जांचकर्ताओं द्वारा की गई 10 घंटे की पूछताछ के बाद, यून के पास कहने के लिए कुछ नहीं था, और वह पूछताछ के किसी और अनुरोध ा का जवाब नहीं देंगे। सीआईओ की अवैध जांच में सहयोग करने का कोई कारण या आवश्यकता नहीं है।' संवैधानिक न्यायालय ने 3 दिसंबर, 2024 को मार्शल लॉ लागू करने, और फिर उन्हें हटाने की वैध ाता पर विचार–विमर्श करना शुरू कर दिया है। यून पहले जवाब दे चुके हैं, कि यह आदेश शासन का एक वैध कार्य था, जिसका उद्देश्य 'राज्य विरोधी' विपक्ष का मुकाबला करना था। 3 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रपति यून सुक येओल के आदेशों का पालन करने वाले वरिष्ठ सरकारी, और सैन्य अधिकारी अब भी गिरफ्तार हैं। उनके विरुद्ध विद्रोह करने और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया के नेता ली जे–म्यांग ने स्थिति को खेदजनक बताया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि 'अब संवैधानिक व्यवस्था को बहाल करने और आजीविका के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है।' इस बीच, सत्तारूढ़ पीपुल पावर पार्टी के नेता, क्वेऑन सेओंग–डोंग ने देश में हुए नुकसान पर चिंता जाहिर की, और अफसोस व्यक्त किया। पिछले महीने की शुरुआत में अल्पकालिक मार्शल लॉ संकट के बाद से दक्षिण कोरियाई राजनीति उथल–पुथल में है। राष्ट्रपति यून सुक येओल ने अचानक यह कदम उठाया और विपक्ष द्वारा नियंत्रित राष्ट्रीय असेंबली द्वारा मजबूर किए गए, फिर अचानक इसे वापस ले लिया। यह तार्किक प्रश्न है, कि उन्होंने ऐसा क्यों किया? इसके लिए उनके सलाहकारों ने जो सुझाव दिए थे, वो सलाह गलत भी हो सकती है। या यह कदम यदि सही रहा हो तो उसे साबित करने की चुनौती यून सुक येओल के समक्ष है। अंतिम उत्तर संवैधानिक न्यायालय को देना है, जिसे महाभियोग के बारे में भी जांच करके अपना निष्कर्ष देना है। क्या हम कहें, कि दक्षिण कोरिया संसदीय राजनीति की विफलता की ओर अग्रसर है? दो मुख्य राजनीतिक दल, सत्तारूढ़ 'पीपुल्स पावर पार्टी' और विपक्षी 'डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया', एक–दूसरे से पूरी तरह से अलग हो गए हैं, जिससे राजनीतिक संवाद और समझौते के लिए कोई जगह नहीं बची है। संसद की राजनीति सड़क पर है। दो राजनीतिक खेमों के बीच बढ़ते ध्रुवीकरण को देखते हुए संवाद की गुंजाइश कम दिखती है। लगभग स्वचालित रूप से राजनीतिक समस्याओं को न्यायपालिका को सौंप दिया गया।



राजनीति का न्यायिकीकरण कोरियाई राजनीतिक व्यवस्था में संरचनात्मक कमियों को उजागर करता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, 'राष्ट्रपति यून सुक येओल की हिरासत ने राष्ट्रपति सुरक्षा प्रोटोकॉल की निरंतरता के बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि वे कोरिया के संवैधानिक इतिहास में निरुद्ध होने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए हैं।' राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा (पीएसएस) ने पुष्टि की है कि यून के लिए उनके सुरक्षा उपाय तब तक प्रभावी रहेंगे, जब तक वे राष्ट्रपति पद पर बने रहेंगे, भले ही उनके अधिकार वर्तमान में निलंबित हैं। यदि उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाता है, तो ये विशेषाधिकार समाप्त हो जाएंगे। लेकिन, प्रथम महिला किम कीन ही की सुरक्षा हमेशा की तरह जारी रहेगी। प्रेसिडेंट हाउस के पूर्व अधिकारी पार्क ग्वान–चेन ने कहा, 'राष्ट्रपति सुरक्षा अधिनियम में यह प्रावधान है कि जब तक व्यक्ति राष्ट्रपति का दर्जा बनाए रखता है, तब तक उसकी सुरक्षा सेवाएं जारी रहनी चाहिए।' डर इसका भी है, कि कहीं दक्षिण कोरिया 'फेल्ड स्टेट' घोषित न हो जाये। न्यायपालिका का राजनीतिकरण यदि इस पूरे मामले में होता है, तो कोरियाई प्रायद्वीप के लिए शुभ संकेत नहीं है। एक और चुनौती सामने है, जिसमें 1987 में अपनाए गए मौजूदा संविधान में संशोधन करना शामिल है, ताकि सर्वशक्तिमान राष्ट्रपति की शक्ति के खिलाफ संस्थागत जांच और संतुलन को परिष्कृत किया जा सके। लेकिन, इस देश में राजनीति के अति–न्यायिकीकरण को रोकना भी जरूरी है।

# भारतीय समृद्धि और जीवन रक्षा को संबल

रंजन केलकर

कई सरकारी संगठनों का काम वैज्ञानिक अनुसंधान करना है और कई अदारे सीधे तौर पर जन–कल्याण से जुड़े काम करते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) इस मायने में अद्वितीय है कि इसके हिस्से दोनों जिम्मेवारियां हैं। एक और खासियत जो आईएमडी को अन्य संगठनों से अलग करती है, वह यह है कि इसके लिए भविष्य की सटीक भविष्यवाणी देना एक अनिवार्यता है। यह अवधि अगले कुछ घंटों से लेकर दिनों, महीनों, वर्षों या दशकों तक हो सकती है और कार्यक्षेत्र की परिधि का पैमाना एक हवाई अड्डे या गांव से लेकर एक जिले, राज्य, देश, महाद्वीप या महासागर तक होता है। 15 जनवरी, 1875 को स्थापित हुए आईएमडी ने मौसम–निगरानी और विज्ञान–आधारित मौसमीय एवं जलवायु पूर्वानुमानों के माध्यम से, राष्ट्र की सेवा करने में हर संभव मौसम विज्ञान विधा का उपयोग करने का प्रयास किया है। इसकी गतिविधियों ने कृषि उत्पादन बढ़ाने, जल संसाधनों का प्रबंधन, विमानन सुरक्षा सुनिश्चित करने और आपदाओं की ताब कम करने में मदद की है। आईएमडी लोगों के जीवन से सीधे जुड़ा है, नीतियों को प्रभावित करता है और भविष्य की कल्पना करने में मदद करता है। वास्तव में, आईएमडी ने अपने 150 वर्षों के सफर में एक लंबा रास्ता तय किया है। पिछले दशक में, विशेष रूप से स्थान एवं समय के तमाम पैमानों पर, आईएमडी के पूर्वानुमानों के दायरे और सटीकता में एक उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राडार, उपग्रहों और सुपर कंप्यूटरों का उपयोग कर बनाए गए उन्नत भविष्यवाणी मॉडल आईएमडी की तकनीकी–वैज्ञानिक बुनियाद में विस्तार होने का स्पष्ट परिणाम है। उष्ण कटिबंधीय चक्रवातों की वजह से होने वाला जानी नुकसान कई हजारों की संख्या से घटकर लगभग शून्य हो गया है। सूखा और बाढ़, जो कि मानसून की बारम्बार घटने वाली प्रवृत्ति है, अब पूरी तरह से प्रबंध ानीय हो गए हैं। भारत के ब्रिटिश शासकों को वेधशालाओं के प्रति स्वाभाविक आकर्षण था रू खगोलीय, भूकंपीय, भूचुंबकीय और जाहिर है, मौसम संबंधी। आईएमडी के अस्तित्व में आने से लगभग 80 साल पहले भी, स्थानीय सरकारों, रेलवे और बंदरगाह प्राधिकरण ने मौसम रिकॉर्ड करने के लिए अपनी वेधशालाएं स्थापित कर रखी थीं। ऐसे कई व्यक्ति भी थे जिनके लिए खगोल विज्ञान और मौसम विज्ञान एक गंभीर शौक था। इनमें सिविल नागरिक और सेना के अधिकारी, डॉक्टर, प्रोफेसर, भूगोलवेत्ता, नाविक, सर्वेक्षक और मिशनरी शामिल थे, जो यत्नपूर्वक मौसम संबंधी रिकॉर्ड सहेजकर रखते थे। अपवाद स्वरूप, भारत की सबसे पहली वेधशालाओं में से एक, त्रिवेंद्रम में, अंग्रेजों ने नहीं बल्कि त्रावणकोर के महाराजा द्वारा स्थापित की गई थी। इसलिए, भारत इस मामले में भाग्यशाली है कि उसके पास दो शताब्दियों तक का मौसम संबंधी रिकॉर्ड मौजूद है, जो जलवायु परिवर्तन अध्ययन के लिए एक मूल्यवान भंडार है। वर्ष 1875 तक, भारत में 86 मौसम संबंधी वेधशालाएं खुल चुकी थीं और अब वक्त था उन्हें एक एजेंसी के तहत लाने का। भारत सरकार ने इसका नामकरण 'भारत मौसम विज्ञान विभाग' करने का फैसला लिया, जिसका कार्यक्षेत्र क्वेटा से रंगून और लेह से कोलंबो तक फैला हुआ था। आरंभ में इसके नेतृत्व के लिए 'भारत सरकार का इंपीरियल मौसम विज्ञान रिपोर्टर' नामक पद सृजित किया गया। बाद में इस पदनाम को 'महानिदेशक, वेधशालाएं' और फिर आगे चलकर यह 'महानिदेशक, मौसम विज्ञान' हुआ। इस विभाग की एक खासियत यह भी रही कि इसका कामकाज मालिक–गुलाम वाले औपनिवेशिक ढंग से नहीं चला, भारतीय वैज्ञानिकों की भर्ती 1885 से ही आईएमडी में होने लगी थी और 1920 तक अधि ाकांश वरिष्ठ पदों पर भारतीय ही आसीन थे। भारत को स्वतंत्रता मिलने से भी काफी पहले, आईएमडी का मुखिया एक भारतीय रह चुका था। यूं आईएमडी में कई ब्रिटिश मौसम विज्ञानी भी थे। जिनके उल्लेखनीय काम ने मानसून और उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को बूझने में हमारे ज्ञान में महत्वपूर्ण वृद्धि की। आईएमडी में कार्यरत कई भारतीय मौसम विज्ञानियों ने नए वैज्ञानिक संस्थानों के निर्माण में मदद की। आईएमडी के प्रतीक चिन्ह में शामिल संस्कृत शब्द 'आदित्यातद्‌ जयते वृष्टिः' भारत के सदियों पुराने ज्ञान साहित्य से लिया गया है। जिसका भाव है कि जब तक सूरज चमकता रहेगा, तब तक हमारे लिए मानसून की बारिश होती रहेगी। यह तथ्य है कि प्रत्येक मानसून में यह अपने काम को अंजाम देने में कभी नहीं चूका। यह बढ़िया रहा कि 2024 के मानसून के दौरान पूरे देश में सकल वर्षा औसत से 8 प्रतिशत अधिक रही, और यह आंकड़ा आईएमडी के पूर्वानुमान के काफी करीब था। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि 2017 से, मानसून की वर्षा सामान्य रही है, जिसका अर्थ है कि यह दीर्घकालिक औसत के प्लस–माइनस 10 प्रतिशत के मार्जिन के भीतर लगातार रही है। अच्छे या संतोषजनक मानसून की इस शृंखला में वर्ष 2024 आठवां वर्ष था। इसकी सापेक्षता में, भारत का वार्षिक खाद्यान्न उत्पादन 2017 में 275 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर 2023 में रिकॉर्ड तोड़ 330 मिलियन मीट्रिक टन छू गया और 2024 में यह आंकड़ा भी पार होने की उम्मीद है। देश की खाद्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से, यह वृद्धि बहुत महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से इस तथ्य को रेखांकित करती है कि मानसून की पकड़ भारतीय कृषि और इसके माध्यम से समग्र अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक है। भारतीय मानसून पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव सूक्ष्म स्तर पर ज्यादा साफ दिखाई दे रहा है। बादल फटना, अत्यधिक बारिश, भूस्खलन, बिजली गिरना और शहरी बाढ़ जैसी स्थितियां निरंतर बढ़ रही हैं, जिससे फसलों और संपत्ति की भारी हानि और जान–माल का नुकसान हो रहा है। आईएमडी को लक्षित चेतावनियों के माध्यम से इन मुद्दों से निपटने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्वानुमान देने की इसकी योजना स्वागत योग्य है। हाल ही में स्वीकृत और अत्यधिक महत्वाकांक्षी 'मिशन मौसम' नामक कार्यक्रम आईएमडी को पुनः सुसज्जित करने और भविष्य के लिए तैयार होने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा।

# बाजार में क्यों हाहाकार है

अरविन्द मोहन

इसका असर निश्चित रूप से हमारे शेयर बाजारों के साथ रुपए का मोल गिरने पर पड़ा है और दुनिया भर में पेट्रोलियम की कीमतों में अचानक और अकारण से उछल पड़ा है। अमेरिकी डालर का मूल्य अमेरिका में भी बढ़ा है क्योंकि उसमें निवेश में कमाई के नतीजे बेहतर होने की रिपोर्ट आई है। वहां भी लगभग एक फीसदी गिरा है और इसका असर वैश्विक है। बाजार में हाहाकार है। बाजार मतलब सिर्फ शेयर और पूंजी बाजार नहीं करेंसी बाजार और सामान्य बाजार भी। यह बात जोर शोर से प्रचारित की जा रही है कि खुदरा मूल्य सूचकांक गिरा है और चार महीने के न्यूनतम स्तर पर आ गया है लेकिन वह अभी भी 5.2 फीसदी जैसे खतरनाक स्तर से ऊपर है और यह बात रिजर्व बैंक भी मानता है। बल्कि इसके चलते वह बैंक दरों में हेरफेर करने से बच रहा है। अभी तत्काल बड़ी चिंता शेयर बाजार में कोहराम से है। जब 13 जनवरी को बाजार का एक दिन का नुकसान 13–14 लाख करोड़ रुपए का हो गया तो दूसरे दिन सरकार और बाजार के कामकाज पर नजर रखने वाले सचेत हुए। कुछ टेक्नीकल करेक्शन का असर था और कुछ हजारों करोड़ रुपए झोंकने का, बाजार में हल्की बढ़त दिखी। झोंकना शब्द जाना–बूझ कर इस्तेमाल किया गया है क्योंकि साझा कोष हों या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां, उनके निवेश का फैसला बाजार के रुख की जगह सरकार के रुख से तय होता है और हर संकट में ऐसा निवेश बाजार बचाने वाला होता है और करेंसी बाजार को संभालने के लिए तो सचमुच बैंक में जमा धन बाजार में उतारना पड़ता है। इस बार बाजार संभल पाएगा यह कहना मुश्किल है क्योंकि यह सिर्फ किसी एक समूह के कामकाज से जुड़ी देसी–विदेशी रिपोर्ट या सच के उजागर होने से आया तूफान नहीं है। इस बार की गिरावट वैश्विक स्तर पर होने वाले कुछ बड़े बदलावों के चलते है और इसका असर हमारे बाजार पर सिर्फ 13 जनवरी को नहीं आया है। हमारा सेंसेक्स अस्सी हजार अंक से इतना नीचे आ गया है कि जल्दी भरोसा नहीं होता कि वह कभी इतना ऊपर गया था। चार सत्रों में ही गिरावट ढाई हजार अंकों से ज्यादा की हो चुकी है और इसमें हर तरफ लक्षण खराब दिख रहे हैं। बाजार के जानकार जिनकी बारीक चीजों पर नजर रखते हैं उनमें शनिफ्टी नेक्स्ट 50श अर्थात निफ्टी में शामिल पचास शेयरों के बाद वाले पचास शेयरों का हिसाब समझ आता है, में और ज्यादा गिरावट के लक्षण देख रहे ही। उनमें आम तौर पर बीस फीसदी से ज्यादा की गिरावट है लेकिन अदानी ग्रीन जैसे दुलारे शेयरों में साल भर में 58 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। 13 जनवरी को ही बाजार 1.5 फीसदी के आसपास गिरा तो इन पचास शेयरों में गिरावट 4.3 फीसदी थी। अर्थात बाजार में आगे के लिए भी बहुत उम्मीद नहीं दिखती और निवेशक बाजार से मुंह मोड़ रहे है। ऐसा विदेशी निवेशक लगातार कर रहे हैं और उनके पूंजी निकालने(तथा चीन की तरफ रुख करने) पर सरकार अपनी संस्थाओं और सहयोगी संस्थाओं से लिवाली करा के बाजार को स्थिर करने का प्रयास करती रही है। पिछले साल की अंतिम छमाही में यह ट्रेंड रहा है।

# चुनाव आयोग पर सच- साबित हुए राहुल




मोहन

अभी बुधवार को ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नवनिर्मित पार्टी मुख्यालय के उद्घाटन अवसर पर चुनाव आयोग पर उसके पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर निशाना साधा थाय और चौबीस घंटे बीतते न बीतते उनकी बात साबित होती भी दिख गयी। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने जानकारी दी कि दिल्ली चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने शएक्सश पर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के आधिकारिक हैंडल पर जारी एक पोस्ट को रिपोस्ट कर दिया है। यह पोस्ट भाजपा नेताओं की चुनाव अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर थी। संजय सिंह ने इसका स्क्रीन शॉट शेयर कर एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था तथा राजनीतिक दल के परस्पर सम्बन्धों को उजागर कर दिया है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में हरियाणा तथा महाराष्ट्र विधानसभा के कुछ माह पहले हुए चुनावों के हवाले से संकेत दिये थे कि उनमें चुनाव आयोग ने पक्षपात किया था। राहुल का यह बयान इस परिप्रेक्ष्य में था कि वहां माहौल पूरी तरह से कांग्रेस और विपक्षी गठबन्ध ान इंडिया के पक्ष में था परन्तु परिणाम अप्रत्याशित रूप से भाजपा तथा उसके सहयोगी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के हक में गये थे। संजय सिंह ने शएक्सश पर की गयी अपनी पोस्ट में तंज कसा कि शनिर्वाचन अधिकारी औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होकर उसका चुनाव प्रचार करेंगे।श उन्होंने लिखा– शभारत के इतिहास में पहली बार– नयी दिल्ली के चुनाव अधिकारी ने चोरी–छिपे बीजेपी के ट्वीट–रिट्वीट करने शुरु कर दिये हैं। अब नयी दिल्ली विधानसभा के जिला अधिकारी कह रहे हैं शजब प्यार किया तो डरना क्या। कल सुबह 11 बजे जिला चुनाव अधि ाकारी बीजेपी ऑफिस में पार्टी ज्वाइन करेंगे।श हालांकि जिला निर्वाचन अधि ाकारी की तरफ से इस मुद्दे पर सफाई आई कि सोशल मीडिया हैंडल का संचालन सोशल मीडिया सेल के एक अधिकारी करते हैं। उन्होंने शअनजाने मेंश रिपोस्ट की थी और अब उन्हें बदल दिया गया है। लेकिन सवाल तो फिर भी उठता ही है कि अनजाने में ही सही, लेकिन भाजपा की पोस्ट को ही रिपोस्ट क्यों किया गया, क्यों चुनाव आयोग के दफ्तर ने किसी और दल के पोस्ट को रिपोस्ट नहीं किया। संजय सिंह ने भाजपा और चुनाव आयोग के अंतर्संबंध ाों को इस ट्वीट प्रकरण के सन्दर्भ में उजागर किया है लेकिन देश पिछले एक अर्से से यह देख रहा है कि किस प्रकार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में विपक्ष को नेस्तनाबूद करने की जो चालें चली जा रही हैं, उनमें निर्वाचन आयोग प्रमुख भूमिका निभा रहा है। निर्वाचन आयोग को जेबी संस्था की तरह बनाने की कोशिशें हो रही हैं, जिसका काम सत्ता के दिशानिर्देशों का पालन करना मात्र रह गया है। सारे चुनावी कार्यक्रम सत्ताधीशों की सुविधानुसार तय किये जाने लगे हैं। अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये भाजपा सरकार ने चुनाव आयोग को बेहद कमजोर कर दिया है। पहले जहां मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन प्रध ाानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री, विपक्ष के नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मिलकर करते थे, पिछली सरकार ने एक कानून लाकर इस कमेटी से मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। इस प्रकार से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर पूरी तरह से सरकार का अधिकार हो गया है और विपक्ष की कोई भूमिका नहीं रह गयी है। कई राज्यों तथा पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा तथा निर्वाचन आयोग की मिलीभगत के आरोप विपक्ष ने लगाए। हाल के हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव के साथ हुए उपचुनावों में भी देखा गया कि सुबह को रूझान कुछ थे जबकि एक–डेढ़ घंटे के भीतर ही सभी के अनुमान ध्वस्त होते गये और दोपहर होते न होते अंततरू भाजपा की ही विजय हुई थी। यह खेल कई राज्यों में खेला गया था। अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर पाई गयीं या उनमें हेर–फेर के साफ संकेत मिले – खासकर, लम्बे इस्तेमाल के बाद भी कई मशीनों का मतगणना के वक्त 99 फीसदी तक चार्ज रहना यह बताता है कि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है। विपक्ष ही नहीं, अनेक प्रबुद्ध लोग तथा स्वयंसेवी संगठन चाहते हैं कि वोटिंग बैलेट पेपर से हो लेकिन उनकी न तो सरकार सुनती है और न ही स्वयं निर्वाचन आयोग। लोकसभा चुनाव के पहले कई विपक्षी दल इस बाबत आयोग से मिलकर अपनी बात कहना चाहते थे तथा डेमो के जरिये यह करके दिखलाना भी चाहते थे कि मशीनें हैक हो सकती हैं, पर निर्वाचन आयुक्त ने उन्हें समय ही नहीं दिया। हाल ही में निर्वाचन आयोग ने मतगणना के बाबत यह प्रणाली अपना रखी है कि मतदान बन्द होने के कई घंटों के बाद वह संशोधित आंकड़े जारी करता है। दोनों के बीच थोड़ा–मोड़ा नहीं 5–7 प्रतिशत तक का फर्क होता है जो किसी भी परिणाम को पलटने के लिये पर्याप्त है। महाराष्ट्र में तो चार–पांच महीनों में ही वोटरों की संख्या 47 लाख बढ़ गयी थी। देश के कई राज्यों में भाजपा के पक्षधर वोटों के बढ़ने तथा विरोधी समझे जाने वाले मतदाताओं (अल्पसंख्यक, दलित, ओबीसी आदि) के नाम कटने के बड़े पैमाने पर प्रमाण मिले हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि पिछले लोकसभा चुनावों में तकरीबन 80 सीटें इसी तरीके से भाजपा के पक्ष में लाई गईं जिसके कारण आज भाजपा तीसरी बार सत्ता में है। चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर के चयन का वाकया भी लोग भूले नहीं हैं जब निर्वाचन अधिकारी ने खुद ही भाजपा के पक्ष में वोट डाले थे। अक्सर चुनाव के कुछ पहले या परिणाम निकलने के बाद ईवीएम पर बात की जाती है लेकिन राहुल ने दिल्ली चुनाव के ऐन बीच में, यह जानते हुए भी कि चुनाव इसी प्रणाली से होंगे, निर्वाचन आयोग के भाजपा का मददगार होना बताया था। दिल्ली निर्वाचन कार्यालय से भाजपा की पोस्ट को रिपोस्ट करने के प्रकरण ने उसकी पुष्टि कर दी।

# अति व्यस्ततम इलाका में विशालकाय नीम के पेड़ की चपेट में आकर एक बालक की मौत, आधा दर्जन घायल



जिला संवाददाता
डॉ अजय तिवारी

अयोध्या। शनिवार को दोपहर कोतवाली नगर क्षेत्र के अति–व्यस्ततम इलाका रिकाबगंज चौराहे पर स्थित एक विशालकाय नीम का पेड़ अचानक गिर गया।जिसकी चपेट में आकर एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई वही कई राहगीर घायल हो गए।वहीं इसकी चपेट में जाकर कई दो पहिया वाहन भी छतिग्रस्त हो गए।इस घटना से थोड़ी देर के लिए आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया।गनीमत इस बात की रही कि इस विशालकाय नीम के पेड़ के गिरने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। बताते चले शनिवार की दोपहर लगभग 2 बजे के करीब कोतवाली नगर क्षेत्र के रिकाबगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास स्थित यह पेड़ देखते ही देखते गिर गया।जिसकी चपेट में आकर मोइया बेगमगंज थाना पूरा कलंदर निवासी 10 वर्षीय बालक अब्बू साइमा पुत्र रामजान अली,मोइया बेगमगंज थाना पूराकलंदर निवासी 35 वर्षीय मेहताब पुत्र उस्मान, कोतवाली नगर क्षेत्र के अंगूरी बाग कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय आशिया पत्नी सगीर अहमद व कोतवाली नगर क्षेत्र के ठठरहिया मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय नजमीन पुत्र अब्दुल रऊफ गंभीर रूप से घायल हो गए।इसकी सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पांडे महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से इन घायलों को निकाल कर जिला चिकित्सालय पहुंचाया।जहाँ पर इलाज के दौरान चिकित्सकों ने 10 वर्षीय अब्बू सइमा पुत्र रमजान अली निवासी मोइया बेगमगंज थाना पूरा कलंदर को मृत घोषित कर दिया।वहीं शेष लोगो का इलाज करने मे जिला चिकित्सालय मे तैनात चिकित्सक जुटे रहे।बताते चले कि यह घटना और भयानक हो सकती थी।क्योंकि अति व्यस्ततम इलाका होने के अलावा यहीं पर ही बैंक, शॉपिंग हॉल, दुकान स्कूल कॉलेज है।जिसके चलते सुबह से ही देर शराब तक लोगों की आवाज आई बना रहती है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रियंका की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, रहस्य गहराया

लखनऊ, (संवाददाता)। थाईलैंड में संदिग्ध हालात में होटल के बाथटब में डूबने से हुई प्रियंका की मौत के मामले में अभी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इससे रहस्य और गहरा गया है। पोस्टमार्टम के दौरान पता चला कि थाईलैंड पुलिस ने विसरा अपने पास सुरक्षित रख लिया था। दो माह बाद थाईलैंड पुलिस विसरा रिपोर्ट लखनऊ भेजेगी। इधर, डॉक्टरों ने फेफड़ों को सुरक्षित रखा है, जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि इस प्रकरण में पुलिस विधिक सलाह भी लेगी। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद देर शाम शव प्रियंका के पति डॉ. आशीष को सौंप दिया गया। उधर, प्रियंका के चाचा विनय का आरोप है कि साजिश के तहत हत्या की गई है। अगर पुलिस आशीष की कॉल डिटेल और नेट सर्फिंग का ब्योरा निकाले तो पूरा मामला उजागर हो जाएगा। वहीं, आशीष का कहना है कि घटना वाली रात प्रियंका ने ड्रिंक की थी। वह नशे में थी। होटल के कमरे में वह नहीं थे। लौटने पर प्रियंका बाथ टब में डूबी मिली। पोस्टमार्टम के लिए पांच डॉक्टरों का पैनल बनाया गया था। इसमें महिला डॉक्टर और फोरेंसिक विशेषज्ञ भी हैं। बुधवार को हीलाहवाली के बाद पैनल ने बृहस्पतिवार देर शाम पोस्टमार्टम किया। वीडियोग्राफी भी कराई गई। पूरे दिन दोनों के घरवाले पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मौजूद रहे। रात में भैंसा कुंड पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मी मौजूद रहे। डॉ. आशीष का कहना है कि प्रियंका के घरवाले कह रहे हैं कि वह पानी से डरती थी। यह सरासर झूठ है। अगर वह पानी से डर रही होती तो रिवर राफ्टिंग नहीं करती। कई बार हम लोगों ने समुद्र किनारे वाटर स्पोर्ट्स में भी हिस्सा लिया था। प्रियंका के साथ वह पहली बार घूमने नहीं गए थे। वर्ष 2024 में वह पत्नी को लेकर सात से आठ जगह गए थे। प्रियंका के शव का थाईलैंड में दो बार पोस्टमार्टम कराया गया था। थाईलैंड के डॉक्टरों ने मौत का कारण कार्डियोपलमोनरी फेल होना बताया था। इस रिपोर्ट से प्रियंका के घरवाले संतुष्ट नहीं हैं। इसी के कारण उन्होंने तीसरी बार पोस्टमार्टम की मांग की थी। करीब डेढ़ घंटे तक पोस्टमार्टम चला। वृंदावन योजना स्थित एल्डिको सौभाग्यम में रहने वाली प्रियंका शर्मा (32) की थाईलैंड के एक होटल में रहस्यमय हालात में मौत हो गई थी। उनके डॉ. पति आशीष श्रीवास्तव उन्हें और बेटे प्रियांश को लेकर चार जनवरी को थाईलैंड गए थे। सेक्टर 16 बी वृंदावन योजना में रहने वाले प्रियंका के पिता सत्यनारायण शर्मा ने दामाद पर हत्या का आरोप लगाया है। आशीष ने उन्हें आठ जनवरी को तड़के तीन बजे फोन कर प्रियंका के बाथटब में डूबने से मौत की जानकारी दी थी। पीजीआई पुलिस हत्या का केस दर्जकर छानबीन कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### फूफा ने भतीजे को किया अगवा, मांगी फिरौती

लखनऊ, (संवाददाता)। बीबीडी इलाके के हासेमऊ निवासी छात्र वैभव को उसके फूफा विनय तिवारी ने रंजिश के चलते साथी सुशील के साथ मिलकर फ्लैट से अगवा कर लिया। छात्र के पिता कुशीनगर के हनुमानगंज निवासी मनोज जायसवाल से फिरौती मांगी। पुलिस ने जब आरोपियों से मोबाइल पर बात की तब देर शाम छात्र को अपार्टमेंट में छोड़कर भाग निकले। मनोज के मुताबिक बेटा वैभव एमिटी ग्रीन सिटी अपार्टमेंट में अपनी चाची के फ्लैट में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। रविवार सुबह दस बजे विनय व सुशील दोनों कार से फ्लैट पर पहुंचे। बेटे से साथ चलने को कहा। विरोध पर वैभव को पीट दिया और जबरन उसे कार में बैठाकर चले गए। दिनभर बेटे को घुमाते रहे। फिर एक सर्विस सेंटर ले गए, वहां उसे दोबारा पीटा और कार धुलवाई। मनोज ने बताया कि आरोपियों ने उनकी पत्नी को कॉल की और फिरौती मांगी। बात न मानने पर नेपाल में बेटे की हत्या करने की धमकी दी और कॉल काट दी। पत्नी ने यह जानकारी पुलिस और उन्हें दी थी। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक मामले की तफ्तीश की जा रही है।

### धूप दिखाकर बरसे बदरा

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी में बृहस्पतिवार को दिन में धूप खिली और शाम को बूंदाबांदी शुरू हो गई। बादल छाने से शाम को अंधेरा छा गया। कोहरे व गलन भरी हवा के बाद शुरू हुई बूंदाबांदी से दफ्तर व काम से लौट रहे लोग भीगते दिखे। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार को दिन चढ़ने के साथ धूप खिलने की संभावना बनेगी। लखनऊ में बीते दो दिनों में दिन के पारे में 3.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि शुक्रवार से पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ने से अगले कुछ दिन मौसम शुष्क रहेगा। लखनऊ में गलन भरी पछुआ और घना कोहरा अभी तीन से चार दिन बना रहेगा। रात के पारे में गिरावट आएगी। बृहस्पतिवार को लखनऊ में दिन का तापमान 1.9 डिग्री की गिरावट के साथ 17.4 डिग्री सेल्सियस और 0.1 डिग्री की मामूली गिरावट के साथ रात का पारा 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बृहस्पतिवार शाम हुई बूंदाबांदी से राजधानी में हवा की सेहत में सुधार दिखाई दिया। गोमतीनगर और कुकरैल दो जगहों पर हवा की गुणवत्ता हरे यानी अच्छे श्रेणी में दर्ज हुई। बीबीएयू, अलीगंज व तालकटोरा की हवा पीली यानी मध्यम श्रेणी में रही। सिर्फ लालबाग में हवा की गुणवत्ता नारंगी यानी खराब श्रेणी में रही।

### अंबेडकर पार्क में डिजिटल भुगतान फिर से लागू

लखनऊ, (संवाददाता)। अंबेडकर पार्क में पूरे 14 महीने के बाद टिकट के लिए ऑनलाइन भुगतान सुविधा फिर से लागू कर दी गई है। इससे पर्यटकों को राहत मिलेगी और टिकट काउंटर पर तैनात कर्मियों का समय भी बचेगा। क्योंकि कई बार नकद टिकट लेने पर फुटकर की समस्या होती थी। इस समस्या को पिछले दिनों अमर उजाला ने उठाया था। 29 दिसंबर को अमर उजाला ने अंबेडकर पार्क में डिजिटल भुगतान बंद होने की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर का संज्ञान लेकर पार्क प्रशासन ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को फिर से लागू कर दिया गया है। बैंक ने भी न केवल टिकट मशीनों के लिए रोल उपलब्ध कराए, बल्कि मशीनों में आ रही दिक्कतों को भी दूर कराया। पर्यटकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा, डिजिटल भुगतान के जरिये 25 रुपये देकर टिकट खरीदना आसान होगा। नकदी के लेनदेन की समस्या से भी छुटकारा मिल गया।

# सपा के बाद अब भाजपा में भी अंदरूनी कलह के संकेत, दिन प्रतिदिन बदल रहे समीकरण



लखनऊ, (संवाददाता)। अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सपा के बाद अब भाजपा में भी अंदरूनी कलह सतह पर आती दिख रही है। सपा में टिकट के दावेदार रहे सूरज चौधरी आजाद समाज पार्टी से टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतर गए हैं। वहीं, भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के नामांकन से पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा व रामू प्रियदर्शी और पार्टी के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी के दूरी बनाए जाने से अंदरूनी कलह के संकेत मिल रहे हैं। दोनों दलों की आंतरिक उठापटक से मिल्कीपुर के चुनावी समीकरण दिन प्रतिदिन बदलते नजर आ रहे हैं। भाजपा में टिकट के दावेदारों की लंबी लिस्ट थी। लिहाजा यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि टिकट की घोषणा के बाद कुछ दावेदारों के सुर बदल सकते हैं। 2017 में भाजपा से विधायक चुने गए गोरखनाथ बाबा 2022 में चुनाव हार गए थे लेकिन जब उप चुनाव का मौका आया तो क्षेत्र में सक्रिय थे। उप चुनाव में टिकट कटने के बाद अब उनका राजनीतिक भविष्य खतरे में है। बृहस्पतिवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा से लेकर नामांकन तक उनकी अनुपस्थिति ने अंदरूनी कलह के संकेत दे दिए। जबकि बुधवार शाम पूर्व विधायक को नामांकन में पहुंचने का बुलावा लेकर प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही स्वयं उनके घर पहुंचे थे। प्रभारी मंत्री के बुलावे के बावजूद पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी भी नामांकन सभा में नहीं पहुंचे। टिकट के दावेदार भाजपा के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी सहित कई अन्य दावेदारों की भी नामांकन में नामौजूदगी से भाजपा में उठापटक सतह पर आती दिख रही है। वहीं, टिकट की घोषणा के बाद जिले के तीनों विधायकों वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव व डॉ. अमित सिंह चौहान की ओर से सोशल मीडिया पर चंद्रभानु को बधाई न देने और प्रत्याशी के नामांकन के पोस्टर से जिले के तीनों विधायकों सहित कई दिग्गजों के फोटो गायब होने से भाजपा में भी खेमेबंदी की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बैठक के बाद सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद के नामांकन में सपाई दिग्गजों की एकजुटता तो देखने को मिली लेकिन टिकट के दावेदार रहे सूरज चौधरी बगावती सुर अख्तियार कर आजाद समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतर गए। हालांकि जानकारों का कहना है कि मंच और सार्वजनिक कार्यक्रमों में एकजुटता दिखाने वाले मिल्कीपुर के दिग्गज सपाईयों के अंदरखाने सुर कुछ अलग ही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार सपा और भाजपा में ही मुख्य मुकाबला है। ऐसे में देखना है आंतरिक कलह से जूझ रहे दोनों दलों में कौन बाजी मारता है।

## झोपड़ी हटाए जाने से परेशान महिला ने दे दी जान

लखनऊ, (संवाददाता)। बालू अड्डा के पास झोपड़ी हटाए जाने से आहत असम के बरपेटा रोड निवासी खुदेजा खातून (52) ने बृहस्पतिवार सुबह खुदकुशी कर ली। सोमवार को एलडीए ने अवैध अतिक्रमण अभियान के दौरान उनकी झोपड़ी तोड़ दी थी। खुदेजा खातून बेटे आफताब, अख्तर और बेटी मरजीना के साथ रहती थीं। पति हमीजुद्दीन असम में ही रहते हैं। आफताब ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह मां नित्यक्रिया की बात कहकर निकली थीं। पास में ही लगे पेड़ में दुपट्टे से फंदा लगा लिया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। आफताब ने बताया कि सोमवार को एलडीए ने बुलडोजर से कई झोपड़ियां तोड़ दी थीं। कुछ लोगों ने खुद अपनी झोपड़ी तोड़कर घर जाने को कहा था। तीन दिन की मोहलत दी गई थी। इसके बाद से खुदेजा काफी तनाव में थीं। वह लोग सफाई और कूड़ा उठाने का काम करते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गाली देने पर की थी दोस्त की हत्या

लखनऊ, (संवाददाता)। लखीमपुर के धौरहरा निवासी मजदूर रमेश गौतम की हत्या के मामले में सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने नामजद प्रतापगढ़ के पवई निवासी राजा यादव को गिरफ्तार किया है। मृतक के बेटे ने नामजद केस दर्ज कराया था। तीन जनवरी को दोनों के बीच विवाद हुआ और रमेश ने गाली दे दी। इससे नाराज होकर राजा ने रमेश के सिर पर रॉड मारकर हत्या कर दी थी। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर–सी में रायबरेली पुलिस लाइन में तैनात डॉ. सदानंद के निर्माणाधीन मकान में रमेश मजदूरी करते थे। रात में वहीं रहकर रखवाली करते थे। तीन जनवरी की रात उनकी पीटकर हत्या कर दी गई। उनके बेटे राजेश ने आजमगढ़ के पवई निवासी राजा यादव उर्फ अनिल यादव के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से किसान पथ से आरोपी राजा को गिरफ्तार किया। उसके पास से तीन मोबाइल व तीन सिमकार्ड बरामद किए। आरोपी राजा यादव शटरिंग का काम करता है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में आजमगढ़ के पवई थाने में मारपीट का केस दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तीन जनवरी को वह रमेश से मिलने गया था। रात में उसने मछली बनाई थी। रमेश ने उसके साथ शराब पी और लेट गए। बातचीत के दौरान कहासुनी होने लगी। रमेश ने कहा कि मछली अच्छी नहीं बनी थी। बात बढ़ने पर उसने गाली दे दी थी।

### नगर अध्यक्ष सहित 35 व्यापारियों ने ली शपथ

लखनऊ, (संवाददाता)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में संपन्न हुआ। यहां नगर अध्यक्ष समेत 35 पदाधिकारियों ने शपथ ली। युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर अश्वनी वर्मा, महामंत्री शुभम मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, निशीथ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष उत्कर्ष अग्रवाल, वीरेंद्र वर्मा, रोहित महेश्वरी आदि ने शपथ ली। मीडिया प्रभारी उमाशंकर पांडेय, असीम चंद्र सोशल मीडिया प्रभारी व संगठन मंत्री अनुज गुप्ता बनाए गए। कोषाध्यक्ष आदित्य कमल सक्सेना, प्रचार मंत्री अंकुर वर्मा व अजय कपूर को संरक्षक की शपथ दिलाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी संतोष सिंह, विधायक ओमप्रकाश श्रीवास्तव व मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री संदीप बंसल रहे। संदीप बंसल ने कहा, विश्व में भारत को पहले नंबर पर लाने का काम भारत की युवा शक्ति को करना है। इसमें विशेष भूमिका देश के युवा उद्यमी व व्यापारियों की होगी, जो युवा उद्योग और व्यापार परिवार से जुड़े हैं। उपमुख्यमंत्री से प्रदेश के 40 लाख पंजीकृत व्यापारियों से चुनकर छह विधान परिषद सदस्य सदन में भेजने की मांग की। इस पर उपमुख्यमंत्री ने मदद का भरोसा दिया।

### केजीएमयू में महिला मरीज से छेड़छाड़

लखनऊ, (संवाददाता)। केजीएमयू के मानसिक रोग विभाग में भर्ती महिला मरीज के साथ 14 जनवरी की सुबह सफाईकर्मी ने बाथरूम में अश्लीलता करते हुए जोर–जबरदस्ती का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकला। महिला मरीज ने बुधवार को वजीरगंज थाने में केस दर्ज कराया है। आलमबाग इलाके में रहने वाली युवती 27 दिसंबर से मानसिक रोग विभाग में भर्ती हैं। उनके अनुसार 14 जनवरी की सुबह दस बजे वह बाथरूम गई थीं। वहां मौजूद संविदा पर तैनात सफाईकर्मी शक्ति ने उनको पकड़ लिया और अश्लीलता करते हुए गलत काम करने का प्रयास किया। युवती ने मदद के लिए शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने इस बारे में अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। बुधवार को उन्होंने वजीरगंज थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# 17 साल बाद फिर सांसद रहते बेटा चुनाव मैदान में, सपा–भाजपा ने लगाया एड़ी–चोटी का जोर



लखनऊ, (संवाददाता)। अयोध्या जिले में 17 साल बाद फिर ऐसा अवसर आया है जब पिता के सांसद रहते बेटा विधायक बनने के लिए चुनाव मैदान में है। 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में मित्रसेन यादव के सांसद रहते उनके पुत्र आनंदसेन विधायक बने थे। इस बार भी अवधेश प्रसाद के सांसद बनने पर उनके बेटे विधानसभा के उम्मीदवार हैं। इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में सेन परिवार का रिकॉर्ड बरकरार रहेगा या फिर 2007 दोहराया जाएगा, इसका निर्धारण भविष्य ही करेगा। वर्ष 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट से बहुजन समाज पार्टी से जिले के कद्दावर नेता रहे मित्रसेन यादव तीसरी बार सांसद बने थे। उसके बाद 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा से उनके पुत्र आनंदसेन यादव बसपा से ही चुनाव मैदान में उतरे और विधायक चुने गए। बसपा सरकार में उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा भी मिला। इसके बाद से ही यह सुरक्षित सीट घोषित हो गई और 2012 में सपा से अवधेश प्रसाद विधायक चुने गए। 2017 में भाजपा के बाबा गोरखनाथ, सपा के अवधेश प्रसाद को हराकर विधायक बने, लेकिन अगले ही चुनाव में वह अवधेश प्रसाद से हार गए। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में अवधेश प्रसाद फैजाबाद संसदीय सीट से सांसद बने हैं। ऐसे में रिक्त हुई इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस बार सपा ने सांसद पुत्र अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। उन्होंने बुधवार को नामांकन कर दिया है। सीधी लड़ाई के कारण भाजपा ने ऐड़ी–चोटी का जोर लगाया है। ऐसे में लड़ाई काफी रोचक हो गई है। आजाद समाज पार्टी से सपा के बागी सूरज चौधरी भी मैदान में है।

## महाकुंभ से यूपी के अन्य धार्मिक स्थल भी हुए गुलजार, तीन दिन में 26 लाख श्रद्धालु उमड़े

लखनऊ, (संवाददाता)। प्रयागराज महाकुंभ में पहुंच रहे देश–विदेश के श्रद्धालु प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी उमड़ रहे हैं। मकर संक्रांति स्नान से अब तक श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य व अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन करने पहुंचे। बीते तीन दिनों में इन धार्मिक स्थलों पर 26 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। वहीं, अब तक करीब सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान–पूजन कर चुके हैं। अयोध्या में तीन दिन में 10 लाख, काशी विश्वनाथ मंदिर में 7.41 लाख, विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख, नैमिषारण्य धाम सीतापुर में एक लाख, चित्रकूट में एक लाख और मथुरा–वृंदावन में डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। अयोध्या में रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग रही है। यही नजारा चित्रकूट का है, जहां कामदगिरी में परिक्रमा करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। मथुरा–वृंदावन में भी महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं से रौनक और बढ़ी है। यहां रोजाना एक दर्जन बसों के अतिरिक्त ट्रेन और निजी वाहनों से आने वाले दर्शनार्थी हैं। इन क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से स्थानीय स्तर पर कारोबार व रोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में संगम में डुबकी लगाने वाले करीब 7 लाख श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया है। योगी ने सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में कहा कि आस्था, एकता और समरसता के महासमागम महाकुंभ, प्रयागराज में बृहस्पतिवार को 30 लाख से अधिक और अब तक 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त किया है। संगम के जल में पावन स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने वाले साधु–संतों, 10 लाख कल्पवासियों एवं 20 लाख श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। मां गंगा सभी के मनोरथ पूर्ण करें।

## व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए संविधान से किया खिलवाड़

लखनऊ, (संवाददाता)। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन ने संविधान के रूप को समय–समय पर बदल कर जनता को गुमराह किया है। ऐसी सभी बातों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए संविधान गौरव संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। आज वह लोग संविधान की कॉपी हाथ में लेकर घूमते हैं, जिन्होंने समाज के आरक्षण बिल को संसद में फाड़ने का काम किया है। बृहस्पतिवार को डिप्टी सीएम संविधान गौरव दिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से सिटी मांटेसरी स्कूल, विशाल खंड गोमतीनगर शाखा में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, देश के अंदर दलित व पिछड़ों को सम्मान से जीने का हक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। पूर्व मंत्री एमएलसी महेंद्र सिंह ने कहा, लाखों लोगों की कुर्बानी के बाद हमको आजादी मिली उन सभी को मैं नमन करता हूं। राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा, विपक्षी पार्टियां दलियों को गुमराह करती हैं। इस मौके पर प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया आदि उपस्थित रहे।

## विशाल मेगा मार्ट ने जबरन वसूले कैरी बैग के 18 रुपये, अब देना होगा 35 हजार जुर्माना

लखनऊ, (संवाददाता)। स्नबादवू ट डंतज ँजवतमरू लखनऊ के आशियाना स्थित विशाल मेगा मार्ट ने उपभोक्ता से जबरन कैरी बैग के 18 रुपये वसूल लिए। मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने मार्ट पर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आयोग ने कैरी बैग की कीमत भुगतान की तारीख से लेकर आदेश की तिथि तक नौ प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने का भी आदेश दिया है। जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य सोनिया सिंह ने यह आदेश शशिकांत शुक्ला की याचिका पर आशियाना एलडीए कॉलोनी स्थित विशाल मेगा मार्ट के खिलाफ बुधवार को सुनाया। आयोग ने सुनवाई के दौरान माना कि मेगा मार्ट ने कैरी बैग का पैसा लेकर सेवा में कमी और अनुचित व्यापार प्रक्रिया अपनाई है। याचिका में कहा गया कि 10 सितंबर 2021 को मेगा मार्ट से 599 रुपये में एक शर्ट खरीदी। इसमें उन्हें 18 रुपये कैरीबैग के साथ कुल बिल 616 रुपये भुगतान करने को कहा गया। याची के मना करने पर उन्हें बताया गया कि कैरीबैग का पैसा देना ही होगा। कैरीबैग पर मेगा मार्ट का विज्ञापन भी था। आयोग ने याची पर शारीरिक व मानसिक कष्टों के लिए 25 हजार रुपये और विधिक व्यय के लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया है। जुर्माने की रकम वादी को 45 दिन के भीतर अदा करनी होगी। अन्यथा जुर्माना 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

## ओवरटेक करने के चक्कर मे कार से टकराकर पलटी ओमनी वैन, चार छात्राएं और ड्राइवर घायल

लखनऊ, (संवाददाता)। अमेठी जिले से गुजरने वाले हाइवे पर शुक्रवार को छात्राओं से भरी ओमनी वैन कार सामने जा रही कार से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार चार छात्राओं समेत ड्राइवर घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस में सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी का इलाज चल रहा है और सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के भाले सुल्तान चौकी का है। जहां आज दोपहर करीब 12 बजे मुसाफिरखाना के गाजनपुर दुवरिया गांव स्थित डिग्री कॉलेज से स्नातक का पेपर देकर लखनऊ वापस जा रही छात्राओं से भरी ओमनी बैन कार हाईवे पर सामने जा रहे इटियॉस कार से ओवरटेक करने के चक्कर में टकराकर पलट गई।

## अमीनाबाद में 16 किलोवॉट की पकड़ी बिजली चोरी

लखनऊ। पुलिस प्रवर्तन टीम ने बृहस्पतिवार को चेकिंग के दौरान एक घर में करीब 16 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी है। अधिशासी अभियंता एसपी सिंह के मुताबिक हाता फकीर मोहम्मद निवासी सलमान के घर में एक अतिरिक्त केबल से ब्लोअर, हीटर, इन्वर्टर आदि चलता मिला, जिससे बिजली चोरी हो रही थी। जांच में लोड 15.809 किलोवॉट यानी करीब 16 किलोवाट मिला। सहदन निवासी हाता मोहसिन मिर्जा गुइन रोड के घर में भी अतिरिक्त केबल से सात किलोवॉट की बिजली चोरी मिली। पारा के फतेहगंज में नासिर अली, बीकेटी के देवरई कला गांव की ऊषा देवी को सर्विस केबल को मीटर से पहले काटकर एक अतिरिक्त तार जोड़कर पांच–पांच किलोवॉट की बिजली करते पाया गया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।